कुल पृष्ठों की संख्या : 4

नामांक [ ]

कुल प्रश्नों की संख्या : 21

**CH**

# वार्षिक परीक्षा – 2022-23

कक्षा : 11

समय : 3.00 घण्टे

पूर्णांक : 100

विषय : हिन्दी अनिवार्य

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर निर्धारित शब्द सीमा में ही लिखें।
4. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
5. प्रश्न पत्र में कुल 21 प्रश्न चार खण्डों में विभक्त है।

## खण्ड - अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 10×1=10

सम्पूर्ण सौरमण्डल में आज तक पृथ्वी ही ऐसा ज्ञात ग्रह हैं जहाँ जल का अपार भण्डार है। जल के बिना जीवन की कल्पना ही असम्भव है। जल ने ही पृथ्वी पर चर-अचर जीव-जगत को सम्भव बनाया है। मानव शरीर में सर्वाधिक मात्रा जल की है। जल की कमी हो जाने पर जीवन के लाले पड़ जाते हैं और कृत्रिम उपायों से शरीर में उसकी पूर्ति करनी पड़ती है। घर के अनेक कार्यों में जल की जरूरत होती है।

आज प्रकृति के इस निःशुल्क उपहार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। नगरों एवं महानगरों के अबाध विस्तार ने तथा औद्योगिकीकरण के उन्माद ने भूगर्भीय जल के मनमाने दोहन और अपव्यय को प्रोत्साहित किया है। भारत के अनेक प्रदेश जिसमें राजस्थान भी सम्मिलित है, जल स्तर के निरन्तर गिरने से संकटग्रस्त है। इस संकट के लिए मनुष्य ही प्रधान रूप से उत्तरदायी है।

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) मानव शरीर में सर्वाधिक मात्रा में पाये जाने वाला पदार्थ कौनसा है ?

(iii) सौर मण्डल में किस ज्ञात ग्रह पर जल का अपार भंडार है ?

(iv) पृथ्वी पर जल संकट के लिए मुख्य रूप से कौन उत्तरदायी है ?

(v) शरीर में जल की कमी होने पर उसकी पूर्ति कैसे की जाती है ?

(vi) किसी एक जल संकटग्रस्त प्रदेश का नाम लिखिए।

(vii) जल के अपव्यय को प्रोत्सहित किया जाना चाहिए। (सही / गलत)

(viii) जल प्रकृति से प्राप्त निःशुल्क उपहार है। (सही / गलत)

(ix) जल के बिना जीवन की कल्पना ............... है। (संभव / असंभव)

(x) जल की उपलब्धता में निरन्तर ............... हो रही है। (कमी / वृद्धि)

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 10 × 1 = 10

क्षमा सोभती उस भुजंग को
    जिसके पास गरल हो
उसको क्या, जो दंतहीन
    विषहीन विनीत सरल हो।
तीन दिन तक पंथ माँगते
    रघुपति सिंधु किनारे
बैठे पढ़ते रहे छन्द
    अनुनय के प्यारे प्यारे।
उत्तर में जब एक नाद भी
    उठा नहीं सागर से
उठी अधीर धधक पौरुष की
    आग राम के शर से।
सिंधु देह धर त्राहि त्राहि
    करता आ गिरा शरण में
चरण पूज दासता ग्रहण की
    बंधा मूढ़, बंधन में।
सच पूछो तो शर में ही
    बसती दीप्ति विनय की
संधिवचन संपूज्य उसी का
    जिसमें शक्ति विजय की।

(i) क्षमा किसको शोभा देती है ? 1

(अ) राम को (ब) रावण को (स) शक्तिशाली को (द) निर्बल को

(ii) तीन दिन तक भगवान राम ने किससे मार्ग देने की प्रार्थना की ? 1

(अ) परशुराम से (ब) सागर से (स) नदी से (द) रावण से

(iii) समुद्र किस वेश में आकर श्रीराम के चरणों में गिर पड़ा ? 1

(अ) राक्षस (ब) मनुष्य (स) पशु (द) पक्षी

(iv) इस पद्यांश में कौनसा काव्य - गुण है ? 1

(अ) ओज (ब) प्रसाद (स) माधुर्य (द) करुण

(v) "क्षमा सोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो" का प्रतीकार्थ लिखिए। 1

(vi) विनम्रता किसको शोभा देती है ? 1

(vii) पद्यांश के अनुसार अनुनय विनय से ही शत्रु को जीता जा सकता है। (सत्य / असत्य) 1

(viii) 'विषहीन विनीत सरल हो' रेखांकित पंक्ति में अलंकार बताइये। 1

(ix) भुजंग का शाब्दिक अर्थ बताइये। 1

(x) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक बताइये। 1

3. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही या गलत बताइये। 9×1=9

(i) संचार केवल मनोरंजन का साधन है। (सही / गलत) 1

(ii) केवल तकनीकि विकास के कारण संचार सम्भव हुआ, इससे पहले संचार सम्भव नहीं था। (सही / गलत) 1

(iii) समाचार पत्र एवं पत्रिकायें इतने सशक्त संचार माध्यम हैं कि वे राष्ट्र का स्वरूप बदल सकते हैं। (सही / गलत) 1

(iv) टेलीविजन सबसे प्रभावशाली एवं सशक्त संचार माध्यम है। (सही / गलत) 1

(v) इंटरनेट सभी संचार माध्यमों का मिलाजुला रूप है। (सही / गलत) 1

(vi) कई बार संचार माध्यमों का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। (सही / गलत) 1

(vii) समाचार लिखते समय छः ककारों का प्रयोग किया जाता है। (सही / गलत) 1

(viii) समाचार-पत्र के संपादक द्वारा लिखित संपादकीय लेख अस्थायी स्तम्भ होता है। (सही / गलत) 1

(ix) भारत का पहला समाचार-पत्र बंगाल गजट सन् 1780 में जुगल किशोर शुक्ल ने संपादित किया। (सही / गलत) 1

## खण्ड – ब

4. आशय स्पष्ट कीजिए। 2

"तेरा निजाम है सिल दे, जुबान शायर की।
ये एहतियात जरूरी है, इस बहर के लिए।।"

5. धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वन्दी क्यों नहीं समझता था ? (गलता लोहा) 2

6. आजादी से पूर्व किसानों को कौन-कौन सी समस्याओं का सामना करना पड़ता था ? (भारत माता) 3

7. "चित्रकला व्यवसाय नहीं अंतरात्मा की पुकार है।" 'आत्मा का ताप' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3

8. 'साये में धूप' शीर्षक गज़ल में शायर ने क्या संदेश दिया है ? 3

9. 'मुर्दा-शांति से भर जाना एवं हमारे सपनों का मर जाना" को कवि अवतार सिंह पाश ने सबसे खतरनाक क्यों माना है ? 3

10. मुंशी प्रेमचन्द अथवा सुमित्रानन्दन पंत का साहित्यिक परिचय दीजिए। 4

11. 'आओ, मिलकर बचाए' कविता में कवयित्री ने आदिवासी समाज की कौन-कौनसी बुराइयों की ओर संकेत किया है ? आदिवासी समाज की वर्तमान स्थिति का भी विवेचन कीजिए। 5

12. "विद्या का मन्दिर कहा जाने वाला -शिक्षा विभाग भी भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है।" "रजनी" पाठ के आधार पर उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। 5

13. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

"आज पानी गिर रहा है
बहुत पानी गिर रहा है

रात भर गिरता रहा है
प्राण मन घिरता रहा है
घर नजर में तिर रहा है
घर कि मुझसे दूर है जो
घर खुशी का पूर है जो''

14. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

''नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना यह तो पीर की मजार है निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूढ़ना जहां कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चांद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते - घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोता है जिससे सदैव प्यास बुझती है। वेतन मनुष्य देता है, इसी से उसमें वृद्धि नहीं होती है। ऊपरी आमदनी ईश्वर देता है, इसी से उसकी बरकत होती है, तुम स्वयं विद्वान् हो, तुम्हें क्या समझाऊँ।''

## खण्ड - स

15. आस-पड़ौस के लोग बेबी को किस प्रकार परेशान किया करते थे ? ( आलो - अधंधारि ) 3

16. चित्रपट संगीत एवं शास्त्रीय संगीत में अन्तर स्पष्ट कीजिए। ( भारतीय गागिकाओं में बेजोड - लता मंगेशकर ) 3

17. पानी के विभिन्न रूपों का संक्षिपत वर्णन कीजिए। ( राजस्थान की रजत बूंदें ) 3

18. लता - मंगेशकर की गायकी की प्रमुख विशेषताओं का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। 6

अथवा

''आलो - आंधारि ''रचना बेबी हालदार की ''व्यक्तिगत समस्याओं के साथ-साथ कई सामाजिक मुद्दों को समेटे है।'' उपरोक्त कथन के आलोक में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

## खण्ड - द

19. श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ( C B E O ), चूरू ( चुरू ) की ओर से एक कार्यालयी पत्र प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खण्डवा ( चुरू ) को लिखिए जिसमें कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों हेतु गणित एवं अंग्रेजी विषय में उपचारात्मक शिक्षण तथा अतिरिक्त कक्षाओं का प्रावधान सुनिश्चित किया गया हो। 5

20. आपके विद्यालय में 25 फरवरी, 2023 को वार्षिक उत्सव, भामाशाह सम्मान एवं पूर्व विद्यार्थी संगम समारोह का आयोजन किया गया। उसका एक प्रतिवेदन ( रिपोर्ट ) तैयार कीजिए। 5

21. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए ( शब्द सीमा 300 शब्द )। 6

( i ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व
( ii ) स्वच्छ भारत अभियान
( iii ) रंगीला राजस्थान
( iv ) राष्ट्रनिर्माण में युवाओं का योगदान
( v ) यदि मैं विद्यालय का प्रधानाचार्य होता !